1080514 - B1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course B)
(पाठ्यक्रम ब)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. अपठित गद्यांश : **5**

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् हमारी सरकार का ध्यान इस ओर गया और 1952 में स्पष्ट वन-नीति बनाई गई। वनों के उन्मूलन को रोकने के लिए, उजड़ रहे वनों को फिर से लगाने का और देश के चप्पे-चप्पे पर वृक्ष लगाने का व्यापक कार्यक्रम बनाया गया। इसी क्रार्यक्रम के अंतर्गत वन-महोत्सव आता है।

हम जानते हैं कि हमारे देश में अधिकतर वर्षा मानसून हवाओं के चलने पर जुलाई-अगस्त में होती है। इसलिए ये दो महीने पेड़-पौधे लगाने की दृष्टि से अधिक अनुकूल हैं। नम हवाओं के आलिंगन से वे शीघ्र लहलहा उठते हैं। पर्याप्त वर्षा हो जाने के बाद तैयार पौधों को उखाड़कर खाली जगह पर लगाने का काम पूरे देश में आरंभ हो जाता है, जो 15-20 दिनों तक बहुत जोर-शोर से चलता है। इस अवधि में करोड़ों पौधे लगा दिए जाते हैं पर उनमें से एक तिहाई पौधे भी पनप कर वृक्ष नहीं बन पाते क्योंकि वे पौधे ईश्वर के भरोसे छोड़ दिए जाते हैं।

पौधों व वृक्षों की इस उपेक्षा का कारण कदाचित उनके महत्त्व की अनभिज्ञता है वे ईंधन, फर्नीचर, कागज़ आदि जुटाते हैं। लेकिन वे हमारी इनसे भी अधिक सहायता करते हैं। हम ईंधन, फर्नीचर आदि में अन्य कृत्रिम वस्तुओं का प्रयोग कर सकते हैं पर वृक्षों के बिना वायु-प्रदूषण दूर नहीं हो सकता। हम जो साँस छोड़ते हैं उसमें कार्बन डाई ऑक्साइड Co_2 होता है। पेड़-पौधे ही सांस दूबारा कार्बन डाई आक्साइड को ऑक्सीजन में बदलते हैं।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

(क) सरकार ने वन नीति बनाई : **1**

1. 1828 में
2. 1965 में
3. 1952 में
4. 1914 में

(ख) वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है : **1**

1. खेती योग्य भूमि प्राप्त करने के लिए।
2. देश की रक्षा के लिए।
3. उजड़ रहे वनों को फिर से लगाने के लिए।
4. वनों के उन्मूलन को रोकने और उजड़ रहे वनों को फिर से लगाने के लिए।

(ग) जुलाई और अगस्त के महीने पेड़-पौधे लगाने के लिए अनुकूल है : **1**

1. आँधी तूफान आता है।
2. आसमान में बादल छाये रहते हैं।
3. इन महीनों में वर्षा होती है।
4. मानसून हवाएँ चलती हैं।

(घ) हमारे यहाँ पेड़-पौधों की उपेक्षा का कारण है : 1

1. देश में पेड़ों का अधिक होना।
2. मनुष्य की स्वार्थी प्रवृत्ति
3. जनता का अशिक्षित होना।
4. पेड़ पौधों के महत्त्व को न समझना।

(ङ) वायु-प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक है : 1

1. कारखानों से कचरा न फेंका जाए।
2. वृक्षों को अधिक से अधिक लगाया जाए।
3. सड़कों पर मोटर गाड़ियाँ न चलाई जाए।
4. दूषित वायु को न छोड़ा जाए।

2. अपठित गद्यांश : 5

शिक्षित व्यक्ति ही अपने साथ-साथ दूसरों को भी प्रगति के अवसर प्रदान करता है। शिक्षा की उपयोगिता को समझते हुए भारत सरकार ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस ओर काफ़ी ध्यान दिया। गाँव-गाँव में विद्यालय खोलने का लक्ष्य रखा गया। फिर भी वांछित प्रगति नहीं हो सकी क्योंकि बहुत से लोग उस उम्र के दौर से निकल चुके थे जो पढ़ने की उम्र होती है। इसलिए प्रौढ़-शिक्षा, सह-शिक्षा एवं अनौपचारिक शिक्षा केंद्र भी खोले गए। लेकिन अभी भी स्थिति उतनी अच्छी नहीं है जितनी होनी चाहिए। देश साक्षर होकर ही प्रगति कर सकता है। इस सत्य को समझने में देरी करना उचित नहीं। युवा देश के कर्णधार हैं। अत: उनका कर्त्तव्य बनता है कि वे ही साक्षरता के इस पुनीत अभियान को आगे बढ़ाएँ। वे निश्चय कर लें कि वे सभी लोग जो अभी निरक्षर हैं, उन सबको अक्षर-ज्ञान करवाना है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें और यह भी जान सकें कि देश द्वारा बनाई गई नीतियाँ उनके अपने व देश से किस प्रकार संबंधित हैं। वे अपने अधिकार जानें व अपने कर्त्तव्य के विषय में भी जागरूक हों। इसलिए युवकों को याद रखना होगा- ''साक्षरता का है जो प्रयासी, वही है सच्चा भारतवासी।'' अत: समय रहते ही पढ़ने-लिखने में तत्परता दिखानी चाहिये, तभी सही अर्थों में हम भारतवासी कहलायेंगे तथा जो साक्षर हैं उन्हें सभी को साक्षर बनाने का प्रण लेना होगा।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

(क) प्रगति के समान अवसर प्रदान करता है : 1

1. साक्षर व्यक्ति
2. निरक्षर व्यक्ति
3. शिक्षित व्यक्ति
4. बुद्धिमान व्यक्ति

(ख) स्वाधीनता के बाद सरकार ने लक्ष्य रखा : 1

1. पुस्तकालय खोलने का
2. कम्प्यूटर में लोगों को शिक्षित करने का
3. गाँव-गाँव में विद्यालय खोलने का
4. टोलीविज़न द्वारा शिक्षित करने का

(ग) इस दिशा में बहुत प्रगति नहीं हो पायी क्योंकि : **1**

1. लोगों की पढ़ने में रुचि नहीं थी।
2. लोग काम करते थे।
3. बहुत से लोगों की पढ़ने की उम्र बीत चुकी थी।
4. परिवार के दूसरे सदस्यों ने पढ़ने नहीं दिया।

(घ) सरकार ने लोगों को शिक्षित करने के लिए : **1**

1. सर्वोदय विद्यालय खोले
2. नवोदय विद्यालय खोले
3. प्रौढ़शिक्षा, सहशिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र खोले।
4. कई विश्वविद्यालय खोले।

(ङ) साक्षर लोगों को प्रण लेना चाहिए कि : **1**

1. वे महिलाओं को शिक्षित करेंगे।
2. बच्चों को पढ़ायेंगे।
3. सभी को साक्षर बनायेंगे।
4. सभी को शिक्षित करेंगे।

3. अपठित काव्यांश : **5**

भई, सूरज
ज़रा इस आदमी को जगाओ!
भई, पवन
ज़रा इस आदमी को हिलाओ!
यह आदमी जो सोया पड़ा है,
जो सच से बेखबर
सपनों में खोया पड़ा है।
भई पंछी,
इसके कानों पर चिल्लाओ!
भई सूरज! जरा इस आदमी को जगाओ!
वक्त पर जगाओ,
नहीं तो जब बेवक्त जगेगा वह
तो जो आगे निकल गये हैं
उन्हें पाने –
घबरा के भागेगा यह!

घबरा के भागना अलग है,

क्षिप्र गति अलग है,

शिप्र तो वह है

जो सही क्षण में सजग है।

सूरज, इसे जगाओ

पवन इसे हिलाओ,

पंछी इसके कानों पर चिल्लाओ!

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर दिए गये प्रश्नों के नीचे दिए गये विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए :

(क) कवि ने मनुष्य को जगाने का अनुरोध किस-किस से किया है? **1**

1. आदमी से
2. भगवान से
3. सूरज, पवन, पंछी से
4. चाँद-सूरज से

(ख) आदमी सच से बेखबर कब हो जाता है? **1**

1. जब काम में डूबा हो।
2. सोया हो ।
3. परिवेश से बेखबर हो।
4. सोते हुए सपनों में खोया होने पर।

(ग) कैसे लोग जीवन में आगे निकल जाते हैं? **1**

1. परिश्रमी
2. सचेत
3. जो तेज भागते हैं।
4. सचेत रहकर अवसर का लाभ उठाने वाले लोग।

(घ) मनुष्य को समय पर जगाना क्यों ज़रूरी है? **1**

1. आलस्य दूर करने के लिए।
2. बीमारियों से बचाने के लिए।
3. जीवन की दौड़ में पिछड़ने से रोकने के लिए।
4. दैनिक कार्य करने के लिए।

(ङ) जागने पर मनुष्य घबरा कर क्यों भागता है? **1**

1. परेशान होकर
2. अपने को औरों से पीछे पाकर, भागने वालों को पाने के लिए।
3. नुकसान उठाने के कारण
4. परिस्थितियों से बेखबर होने के कारण

4. अपठित पद्यांश : **5**

पुजारी! भजन, पूजन, साधन, आराधना
इन सबको किनारे रख दे।
द्वार बन्द करके देवालय के कोने में क्यों बैठा है?
अपने मन के अन्धकार में छिपा बैठा, तू कौन-सी पूजा में मग्न है?
आँखें खोलकर जरा देख तो सही
तेरा देवता देवालय में नहीं हैं।
जहाँ मज़दूर पत्थर फोड़कर रास्ता तैयार कर रहे हैं,
तेरा देवता वहीं चला गया है!
वे धूप-बरसात में एक समान तपते-झुलसते हैं,
उनके दोनों हाथ मिट्टी में सने हैं
उनकी तरह सुन्दर परिधान त्याग कर मिट्टी-भरे रास्तों से जा
तेरा देवता देवालय में नहीं है!
भजन, पूजन, साधन को किनारे रख दे!
मुक्ति! मुक्ति अरे कहाँ है?
कहाँ मिलेगी मुक्ति!
अपने सृष्टि-बंध से प्रभु स्वयं बँधे हैं।
ध्यान-पूजा को किनारे रख दे
फूल की डाली को छोड़ दे
वस्त्रों को फटने दे, धूलि-धूसरित होने दे
उनके साथ काम करते हुए पसीना बहने दे

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए :

(क) यहाँ पुजारी से भजन,पूजन छोड़ने की बात क्यों कही गयी है? **1**

1. पूजा करने से कोई फायदा नहीं है।
2. कर्म ही पूजा है।
3. केवल पूजा करने से भगवान प्रसन्न नहीं होते।
4. भगवान नहीं चाहते कि उनकी पूजा की जाए।

(ख) ईश्वर देवालय छोड़कर कहाँ चला गया है? **1**

1. काशी
2. मक्का-मदीना
3. कर्म भूमि में जहाँ मज़दूर कार्य कर रहे हैं।
4. हिमालय पर्वत

(ग) यहाँ किसान और मज़दूर क्या कर रहे हैं? **1**

1. खेती करते हैं।
2. आराम करते हैं।
3. कोई कार्य नहीं करते
4. सुख-दुःख सहते हुए निर्माण कार्य करते हैं, उत्पादन में जुटे हैं।

(घ) कविता के अनुसार - ईश्वर किस कार्य में संलग्न है? **1**

1. पत्थर तोड़ने में।
2. सड़क बनाने में।
3. सृष्टि संचालन में।
4. कारखाने में काम करने में।

(ङ) कविता का मूल संदेश क्या है? **1**

1. देवालय में बैठना सच्ची उपासना है।
2. एकांत पूजा श्रेष्ठ पूजा है।
3. परिश्रम ही सच्ची उपासना है।
4. राम-नाम जपना ही सच्ची उपासना है।

खंड 'ख'

5. (1) वाक्य में प्रयुक्त शब्द कहलाते हैं : **1**

(क) शब्द

(ख) पदबंध

(ग) पद

(घ) संज्ञा

(2) जो शब्द प्रयोग के अनुसार परिवर्तित नहीं होते : **1**

(क) विकारी शब्द

(ख) अविकारी शब्द

(ग) सर्वनाम

(घ) विशेषण

(3) घर में लगे पेड़ हरे-भरे हैं। रेखांकित में पदबंध का भेद है : **1**

(क) विशेषण पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) संज्ञा पदबंध

(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(4) बच्चे तेज़ दौड़ते-दौड़ते थक गये थे। रेखांकित में पदबंध का भेद है : **1**

(क) विशेषण

(ख) क्रिया-विशेषण

(ग) क्रिया

(घ) संज्ञा

6. (1) अरे वाह। तुम भी सुन्दर लिख सकती हो। रेखांकित पद का परिचय है : **1**

(क) सर्वनाम, मध्यम पुरुषवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ताकारक, 'लिख सकती हो'। क्रिया का कर्ता

(ख) संज्ञा शब्द, मध्यम पुरुष, पुल्लिंग, एक वचन, कर्म कारक, 'लिख सकती है'। क्रिया का कर्ता

(ग) सर्वनाम, उत्तम पुरुषवाचक, स्त्रीलिंग, एक वचन, कर्ता कारक, 'लिख सकती हो' क्रिया का कर्ता

(घ) सर्वनाम, भाववाचक, पुल्लिंग, एक वचन, कर्ता कारक, 'लिख सकती है' क्रिया का कर्ता

(2) मनोहर दसवीं कक्षा में पढ़ता है। रेखांकित पद का परिचय दें। **1**

(क) अकर्मक क्रिया, एक वचन, अन्य पुरुष, भूतकाल, कर्तृवाच्य

(ख) अकर्मक क्रिया 'पठ', धातु, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग, इस क्रिया का कर्ता, मनोहर

(ग) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, भूतकाल, कर्त्तृवाच्य, इस क्रिया का कर्ता, मनोहर

(घ) सकर्मक क्रिया 'पठ' धातु, एकवचन, वर्तमान काल, कर्त्तृवाच्य, इस क्रिया का कर्ता, मनोहर

(3) तुम जिस पुस्तक की प्रतीक्षा कर रहे हो, वह बहुत अच्छी है। रचना के आधार पर वाक्य का भेद है : 1

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य

(घ) विधानवाचक वाक्य

(4) वर्षा हो रही है किन्तु धूप भी निकली हुई है। रचना के आधार पर वाक्य का भेद है : 1

(क) सरल वाक्य

(ख) मिश्रित वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य

(घ) निषेधवाचक वाक्य

7. (1) रात्रि के दस बज़े । विद्यार्थी ने पढ़ना बंद कर दिया। इन वाक्यों से बना मिश्रित वाक्य है : 1

(क) जैसे ही रात्रि के दस बज़े विद्यार्थी ने पढ़ना बंद कर दिया।

(ख) जैसे ही रात्रि के दस बजे,वैसे ही विद्यार्थी ने पढ़ना बंद कर दिया।

(ग) रात्रि के दस बजे और विद्यार्थी ने पढ़ना बंद कर दिया।

(घ) रात्रि के दस बजते ही विद्यार्थी ने पढ़ना बंद कर दिया।

(2) माताजी बीमार थीं। वह डॉक्टर के पास गयीं। इन वाक्यों से बना संयुक्त वाक्य है : 1

(क) क्योंकि माताजी बीमार थीं इसलिए वह डॉक्टर के पास गयीं।

(ख) माताजी बीमार थीं इसलिए वह डॉक्टर के पास गयीं।

(ग) माताजी बीमार होने के कारण डॉक्टर के पास गयीं।

(घ) जब माताजी बीमार थीं तब वह डॉक्टर के पास गयीं।

(3) 'गंगोदक' में स्वर संधि का कौन-सा भेद है? 1

(क) दीर्घ संधि

(ख) वृद्धि संधि

(ग) गुणसंधि

(घ) यण् संधि

(4) एक+एक की संधि है : 1

(क) एकक

(ख) एकेक

(ग) एकैक

(घ) कैकेय

8. (1) 'अभ्यागत' का संधि-विच्छेद है : 1

(क) अभ्य + आगत

(ख) अभी + आगत

(ग) अभि + आगत

(घ) अभ्या + आगत

(2) पुस्तकालय समस्त पद का विग्रह है : 1

(क) पुस्तक और आलय

(ख) पुस्तक का जो है आलय

(ग) पुस्तक का आलय

(घ) पुस्तक से आलय

(3) 'कायर है जो पुरुष' का समस्त पद है : 1

(क) कायर-पुरुष

(ख) कापुरुष

(ग) कमज़ोर पुरुष

(घ) कायर और पुरुष

(4) निम्नलिखित में से किस में तत्पुरुष समास है? 1

(क) पंकज

(ख) चतुर्भुज

(ग) ग्रामगत

(घ) प्रत्यक्ष

9. (1) अंधे के हाथ बटेर लगना का अर्थ है : 1

(क) अच्छी वस्तु प्राप्त होना

(ख) अच्छा भाग्य

(ग) भाग्यवश अच्छी वस्तु प्राप्त होना।

(घ) अंधे व्यक्ति को बटेर का मिलना।

(2) चेहरा मुरझाना का अर्थ है : 1

(क) मुरझाना

(ख) चेहरा बे रौनक होना

(ग) उदास होना

(घ) संघर्ष करना

(3) सोहन की बड़ी-बड़ी बातें सुनकर उसके सभी दोस्त ------ । उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति करें। **1**

(क) छोटा मुँह बड़ी बात

(ख) चक्कर खा जाना

(ग) जी ललचाना

(घ) खून जलाना

(4) सभी को अन्याय और अत्याचार करने वालों के खिलाफ अपनी ---- । **1**

(क) अलख जगाना

(ख) अपनी बात कहना

(ग) आवाज़ उठाना

(घ) मील का पत्थर सिद्ध होना

खंड 'ग'

10. ***किसी एक काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए :*** **5**

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।
एकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ।।
हम घर जाल्या आपणाँ, लिया मुराड़ा हाथि।
अब घर जालौं तास का, जे चलैं हमारे साथि।।

(1) कबीर पंडित किसे मानते हैं? **1**

(क) पढ़े लिखे व्यक्ति को

(ख) कम पढ़े लिखे व्यक्ति को

(ग) प्रेम का एक अक्षर पढ़ने वाले को

(घ) साक्षर व्यक्ति को

(2) यहाँ घर किसका प्रतीक है? **1**

(क) निवास स्थान का

(ख) विपत्तियों का

(ग) विषय वासनाओं का

(घ) संसार का

(3) 'मुराड़ा' शब्द का क्या अर्थ है? **1**

(क) जलता हुआ घर

(ख) जलता हुआ अहंकार

(ग) जलती हुई लकड़ी

(घ) जलता हुआ संसार

(4) कवि का घर जलाने से क्या आशय है? **1**

(क) धन-दौलत को जलाना

(ख) परमात्मा के मार्ग को प्रकाशित करना

(ग) हमेशा त्याग के लिए तत्पर रहना

(घ) लोभ, माया, मोह, घृणा को जलाना

(5) कबीर की भाषा बताइए? **1**

(क) ब्रज है

(ख) अवधी है

(ग) 'पंचमेल खिचड़ी, सुधक्कड़ी

(घ) खड़ी बोली

अथवा

हरि आप हरो जन री मीर।
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर।
भगत कारण रूप नरहरि, धरयो आप सरीर।
बुढ़तो गजराज राख्यो, कांटी कुण्जर पीर।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी मीर।।

(1) यहाँ 'हरि' का प्रयोग किसके लिए हुआ है? **1**

(क) राम

(ख) कृष्ण

(ग) भगवान

(घ) किसी व्यक्ति का नाम

(2) श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को किस प्रकार लज्जित होने से बचाया? **1**

(क) कौरवों से बातचीत करके

(ख) वस्त्र बढ़ाकर

(ग) दु:शासन को मारकर

(घ) दुर्योधन को सीख देकर

(3) नरसिंह भगवान ने किसकी रक्षा की? **1**

(क) प्रह्लाद की

(ख) नरसी भगत की

(ग) ध्रुव की

(घ) सूरदास की

(4) यहाँ मीराबाई अपने आप को किसकी दासी बता रहीं है? **1**

(क) मेवाड़ राजवंश की

(ख) कृष्ण की

(ग) परिवार जनों की

(घ) भगवान की

(5) मीरा के पद किस भाषा में रचे गये? **1**

(क) ब्रज मिश्रित राजस्थानी में

(ख) खड़ी बोली में

(ग) साहित्यिक अवधी में

(घ) पंजाबी भाषा में

11. ***निम्नलिखित में से किन्ही दो के उत्तर संक्षेप में दीजिए।*** **2x2½=5**

(क) 'आज जो बात थी वह निराली थी' – किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) वामीरो से मिलने के बाद ततॉंरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?

(ग) ..... वह तो एक आदर्शवादी भावुक कवि था जिसे अपार सम्पत्ति और यश तक की इतनी कामना नहीं थी जितनी आत्म-संतुष्टि के सुख की अभिलाषा थी।' लेखक ने यह बात किसके लिए व क्यों कही है?

(घ) बड़े भाई की स्वभाव गत विशेषताएँ बताइए।

12. लेखक के इस कथन से कि 'तीसरी कसम' फिल्म कोई सच्चा कवि-हृदय ही बना सकता था, आप कहाँ तक सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए। **5**

अथवा

जुलूस के लाल बाज़ार आने पर लोगों की क्या दशा हुई?

13. ***निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*** **5**

शैतान का हाल भी पढ़ा ही होगा। उसे यह अभिमान हुआ था कि ईश्वर का उससे बढ़कर सच्चा भक्त कोई है ही नहीं। अंत में यह हुआ कि स्वर्ग से नरक में ढकेल दिया गया। शाहेरूम ने भी एक बार अहंकार किया था। भीख माँग-माँग कर मर गया। तुमने तो अभी केवल एक दर्जा पास किया है और अभी से तुम्हारा सिर फिर गया, तब तो तुम आगे पढ़ चुके। यह समझ लो कि तुम अपनी मेहनत से नहीं पास हुए अंधे के हाथ बटेर लग गयी। मगर बटेर केवल एक बार हाथ लग सकती है, बार बार नहीं लग सकती । कभी-कभी गुल्ली डंडे में भी अंधा-चोट निशाना पड़ जाता है। इससे कोई सफल खिलाड़ी नहीं हो जाता। सफल खिलाड़ी वह है, जिसका कोई निशाना खाली न जाए।

(क) शैतान का क्या हाल हो गया था और क्यों? **2**

(ख) सफल खिलाड़ी किसे कहा जाता है? **1**

(ग) शाहेरूम भीख माँगते हुए क्यों मर गया? **1**

(घ) 'अंधे के हाथ बटेर लगना' को वाक्य में प्रयोग कर अर्थ स्पष्ट करें। **1**

अथवा

कुछ समय बाद पासा गाँव में 'पशु पर्व' का आयोजन हुआ। पशु पर्व में हृष्ट-पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवकों की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती है। वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं। बाद में नृत्य संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है। शाम से सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे। धीरे-धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरु हुए। तताँरा का मन इन कार्यक्रमों में तनिक न था। उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। नारियल के झुंड के एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झांकता दिखा। उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की। वह वामीरो थी जो भयवश सामने आने में झिझक रही थी। उसकी आँखें तरल थीं। होंठ काँप रहे थे। तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी। तताँरा विह्वल हुआ। उससे कुछ बोलते ही नहीं बन रहा था। रोने की आवाज़ लगातार ऊँची होती जा रही थी। तताँरा किंकर्त्तव्यविमूढ़ था। वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर आग बबूला हो उठी। सारे गाँववालों की उपस्थिति में यह दृश्य उसे अपमानजनक लगा।

1. पासा गाँव में पशु पर्व का आयोजन किस प्रकार किया जाता था? **2**

2. तताँरा का मन कार्यक्रम में क्यों नहीं लग रहा था? **1**

3. वामीरो के रोने का क्या कारण था? **1**

4. वामीरो की माँ क्रोधित क्यों थी? **1**

14. (क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए। **2**

(ख) कम्पनी बाग में रखी तोप क्या शिक्षा देती है? **2**

(ग) कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखायी है? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर बताइए। **1**

15. हरिहर काका कहानी समाज के किस कटु सत्य को उजागर करती है? स्पष्ट कीजिए। **3**

अथवा

यदि आपके परिवेश में हरिहर काका जैसी हालत में कोई हो तो आप उसकी किस प्रकार मदद करेंगे?

16. हरिहर काका को लेकर महंत की चिंताएँ क्यों बढ़ती जा रही थीं? **2**

खण्ड 'घ'

17. दिए गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग ***100*** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें : **5**

(क) **बढ़ती हुई महँगाई :**

- महँगाई का स्वरूप व क्षेत्र
- देश की आर्थिक नीति व प्रभाव
- देश के धन का गलत उपयोग
- आम आदमी की खराब हालत

(ख) **इंटरनेट : वरदान या अभिशाप :**

- विज्ञान की अद्‌भूत देन
- मानव जीवन में क्रांति
- जानकारी का महत्त्वपूर्ण स्रोत
- वरदान भी अभिशाप भी

(ग) **प्रकृति और मानव :**

- मनुष्य प्रकृति का अभिन्न अंग है
- प्रकृति से खिलवाड़
- बढ़ता हुआ प्रदूषण
- प्रकृति की रक्षा में मानव की सुरक्षा है।

18. पुस्तक विक्रेता को पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखें। **5**

अथवा

बढ़ते हुए अपहरण और फिरौती के कारोबार पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखें।

- o O o -